Title: Urged the Government to give age relaxation to the general category candidates appearing in I.A.S. examinations.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : सभापति जी, आई.ए.एस. की जो परीक्षाएं होती हैं, उसमें जिस प्रकार अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्तियों को आयु में छूट दी जाती है, उसी प्रकार से सामान्य जाति के जो लोग हैं, हिन्दू हैं, ब्राह्मण हैं, शेटियार हैं और दूसरे लोग हैं, उनको भी अनुसूचित जाति और जनजाति की भांति आयु में छूट दी जानी चाहिए और वह इसलिए कि ये सामान्य वर्ग के वह लोग हैं जो नौकरी करने के लिए आखिरकार परीक्षा में बैठते हैं। इसलिए आई.ए.एस. परीक्षा में सामान्य वर्ग के लोगों को भी अनुसूचित जति और जनजाति की भांति आयु में छूट दी जाए। इसके साथ-साथ माननीय सदस्य प्रो.रासा सिंह रावत जी ने जो कहा है, मैं उससे अपने को पूरी तरह असोसियेट करता हूं।